कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रामकिशन पुत्र श्री रामजीलाल प्रजापत निवासी बावडीखेडा पोस्ट हिंगोटा तहसील मण्डावर जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा

अपील संख्या 06/2024

निर्णय

दिनांक 20.03.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2024/492 दिनांक 20.02.2024 द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकःआरटीआई/2024/250 दिनांक 13.3.2024 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना प्रेषित की है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2024.05.14 10:55:51 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा